Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **सिरोही में पिण्ड़वाड़ा चौकी इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक 5 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

जयपुर, *18 फरवरी, शुक्रवार*। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर सिरोही इकाई द्वारा आज सिरोही में कार्यवाही करते हुये प्रकाश कुमार सहायक उप निरीक्षक, प्रभारी पुलिस चौकी पिण्ड़वाड़ा जिला सिरोही को परिवादी से 5 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की सिरोही इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके विरूद्ध दर्ज परिवाद को रफा दफा करने की एवज में प्रकाश कुमार सहायक उप निरीक्षक प्रभारी पुलिस चौकी पिण्ड़वाड़ा द्वारा 10 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर **श्री कैलाश चन्द्र बिश्नोई उप महानिरीक्षक पुलिस एसीबी जोधपुर** के निर्देशन में एसीबी की सिरोही इकाई के **अति. पुलिस अधीक्षक श्री महावीर सिंह राणावत** द्वारा शिकायत का सत्यापन किया जाकर मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुये प्रकाश कुमार पुत्र श्री हजारी निवासी खेजड़िया तहसील शिवगंज जिला सिरोही, हाल सहायक उप निरीक्षक पुलिस चौकी पिण्ड़वाड़ा जिला सिरोही को परिवादी से 5 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों दोनो को गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल-फ्री हैल्पलाईन नं.*** 1064 *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135-02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ-साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।